पूर्णिया जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, बनमंखी पूर्णिया के परिसर में 100 आसन वाले छात्रावास भवन का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 10.03.2018 को प्राप्त ई0-निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए 07.07.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:

1. **श्री राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।	अध्यक्ष
2. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।	सदस्य
3. **श्री रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक (उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना।	सदस्य
4. **श्री शिवानंद,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, पूर्णिया।	सदस्य

<u>कार्यवाही:-</u>

पूर्णिया जिलान्तर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, बनमंखी पूर्णिया के परिसर में 100 आसन वाले छात्रावास भवन का निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से ई0-निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक भास्कर एवं दैनिक जागहरण" में दिनांक 20.02.2018 को पटना संस्करण में हुई थी, जिसका पी0आर0 सं0-13947(नि0नि0) 2017-18 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि कुल ₹3,46,61,000.00 मात्र एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹4,63,28,000.00 मात्र है तथा अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹3,67,57,730.00 मात्र है।

इस ई0-निविदा में दो निविदादाताओं ने भाग लिया है। दोनों निविदादाताओं द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पूर्णिया द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जो निम्नवत् है:-

प्रथम निविदादाता श्री उमाकांत सिंह, ऑफिसर्स कॉलोनी, मिरचाईबाड़ी, कटिहार हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम (व्यक्तिगत)-46(भवन)/2014 एवं विद्युत निबंधन सं0-4487/12 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। उनके द्वारा एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा किया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में रेस्पाँसिव पाया गया। अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

द्वितीय निविदादाता कुमार सुवेन्द्र सिंह, यूरोपीयन कॉलोनी, पूर्णिया हैं। इनका निबंधन संख्या-द्वितीय-(व्यक्तिगत)-65(भवन)/2014 एवं विद्युत निबंधन सं0-4544/12 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। उनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5(A) की अहर्ता "annual turn over of last five years at list 50% of BOQ से संबंधित वांछित कागजात अपलोड नहीं किया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में नन्-रेस्पाँसिव पाया गया। अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

चूँकि निविदा प्रथमवार आमंत्रित की गई है और उक्त ई0-निविदा में एकमात्र निविदादाता श्री उमाकांत सिंह, ऑफिसर्स कॉलोनी, मिरचाईबाड़ी, कटिहार के सफल होने के कारण यह एकल निविदा का मामला है।

अतएव, सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदा के प्रथमवार आमंत्रित होने एवं उक्त निविदा में एकमात्र निविदादाता श्री उमाकांत सिंह, ऑफिसर्स कॉलोनी, मिरचाईबाड़ी, कटिहार के सफल होने के कारण वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना सं0-7806, दिनांकः 30.09.2018 के आलोक में उक्त ई0-निविदा को रद्द करते हुए प्रशासी विभाग से बांछित अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही निगम के बेवसाईट पर दिनांकः 14.07.2018 के 04:00 बजे अपराह्न तक आपत्ति हेतु रखी जाय।

(शिवानंद)	(रंजित प्र0 सिंह)	(तपेश्वर प्र0 साह)	(राम सागर प्रसाद)
उप महाप्रबंधक,	महाप्रबंधक (उत्तर),	महाप्रबंधक (वित्त),	मुख्य महाप्रबंधक
पी0आई0यू0, पूर्णिया	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।	बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।